रश. आइआइएम रांची के एनुअल फेस्ट का धमाकेदार समापन, विद्यार्थियों का टैलेंट दिखा

उर्वशी-उर्वशी टेक इट इजी उर्वशी...

लाइफ रिपोर्टर @ रांची

आइआइएम के एनुअल फेस्ट 'रश 5.0' का समापन धमाकेदार रहा. अंडर ग्राउंड अथॉरिटी बैंड (कोलकाता) ने विद्यार्थियों को देर शाम तक रॉक फ्यूजन गानों पर जमकर झुमाया. बैंड के लीड सिंगर इपीआर के उर्वशी..., गर्ल्स लाइक यू..., टूट-टूट कर..., होगी सुबह... ब्लरी.... जैसे गानों पर विद्यार्थियों के कदम थिरकते रहे. लाइव बैंड का आयोजन रविवार को खेलगांव स्थित मेगा स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स में हुआ.

साथ ही 'रश' के दूसरे दिन भी खेलकूद व सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए. सुबह आठ बजे आइआइएम हॉस्टल से 'वॉकथॉन' की शुरुआत हुई. इसमें विद्यार्थी, शिक्षक समेत खेलगांव आवासीय परिसर के लोग भी शामिल हुए. वॉकथॉन का आयोजन संयुक्त राष्ट्र ग्लोबल कॉम्पेक्ट-प्रिंसिपल्स फॉर रिस्पॉन्सिबल मैनेजमेंट एजुकेशन संचालन समिति की ओर से किया गया था. इसका उद्देश्य लोगों को बाल तस्करी के रुद्ध जागरूक करना था.

विद्यार्थियों ने मौके पर बाल श्रम, बाल तस्करी और बालिकाओं को बचाने का संदेश दिया. वॉकथॉन में बतौर मुख्य अतिथि राष्ट्रीय मानवाधिकार अपराध नियंत्रण ब्यूरो के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ रणधीर कुमार शामिल हुए. वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में खेलगांव आवासीय परिसर के अध्यक्ष रवींद्र नाथ भगत, आइआइएम के प्रो रोहित कुमार व वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी सतीश कुमार शामिल हुए.

रश 5.0 के मंच पर छात्राओं ने कैटवॉक किया और तारीफ बटोरी.

देना होगा नया नजरिया

डॉ रणधीर कुमार ने कहा कि हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि देश में तस्करी अभी भी क्यों हो रही है. इसका कारण बेरोजगारी और अनुचित शिक्षा हो सकता है. इससे लोग इस तरह का अपराध करते हैं. ऐसे में लोगों को घटनाओं के घटित होने के पीछे के वास्तविक कारण की जानकारी देनी होगी. उन्होंने बताया कि बाल तस्करी ड्रग्स और तस्करी के बाद तीसरा सबसे बड़ा अपराध है. उन्होंने मैनेजमेंट के विद्यार्थियों को दुनिया को नये नजरिये से देखने की बात कही. इस अवसर पर प्रो रोहित कुमार, सतीश कुमार समेत अन्य उपस्थित थे. **इस दौरान** विद्यार्थियों ने 'ड्रामेबाज-आइआइएम रांची' और टीम 'आवाज- एक्सआइएसएस' की ओर से सामाजिक मुद्दों पर आधारित दो नुक्कड़ नाटकों का मंचन किया. इसमें बेटियों की परवरिश, शिक्षा और सशक्तीकरण का संदेश दिया.

Prabhat Khabar, 03.02.2020, Pg.17(Supli)